झारखंड के जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद में बनेगा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

चर्चा में क्यों?

8 फरवरी 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने झारखंड के जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद में सॉफ्टवेयर पार्क के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि केंद्र सरकार देश के छोटे शहरों में डिजिटल संभावना का विस्तार करना चाहती है जिससे युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदार बनाया जा सके। इसके लिये छोटे शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना की जा रही है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय के अधीन एक स्वायक्त संस्था सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया का गठन किया गया है।
- राज्यों से मिले प्रस्ताव के अनुसार देश में अब तक 63 सॉफ्टवेयर पार्क का गठन हो चुका है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने 22 सॉफ्टवेयर पार्क के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- झारखंड के राँची और देवघर में पहले ही ऐसे पार्कों का गठन हो चुका है।
- इसके अलावा मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिये इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर योजना को मंजूरी दी थी।
- इस योजना के तहत विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ समान सुविधाओं के विकास के लिये सहायता देना था।
- इस योजना के तहत 19 ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, तीन समान सुविधा केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके तहत झारखंड के आदित्यपुर में क्लस्टर के गठन को मंजूरी दी गई। इस क्लस्टर पर 97।88 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान लगाया गया और 41।48 करोड़ रुपये जारी किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/software-technology-park-to-be-built-in-jamshedpur-bokaro-and-dhanbad-of-jharkhand